# सांसद के सामने प्रशासक से किसानों की तीखी बहस

## कुलस्ते बोले जांच करवा लेते हैं : घंसौर में बहुचर्चित खाद घोटाले को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**घंसौर नवभारत। घंसौर में बहुचर्चित खाद वितरित में लापरवाही मामला अब सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते के पास पहुंच गया है रविवार को किसानों एवं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते को ज्ञापन देकर यह पूरा मामला उनके संज्ञान में आया गया जहां आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के प्रशासक एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष पति सुभाष यादव का कुलस्ते द्वारा बचाव करते हुए किसानों को कहा गया है इस मामले की जांच करवाएंगे। रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मंडला सिवनी सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते विकसित भारत जी राम जी योजना के लिए आयोजित कार्यशाला में शिरकत करने पहुंचे हुए थे।**

यह कार्यक्रम जनपद पंचायत धनौरा एवं घंसौर का सम्मिलित कार्यक्रम था इसी दौरान किसानों ने सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते के समक्ष पूरा मामला विस्तृत रूप से बताया जब किसान घोटाले को लेकर सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते से बात कर रहे थे इसी दौरान आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के प्रशासक एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपमाला यादव के पति सुभाष यादव और किसानों के बीच सांसद के ही सामने तीखी बहस भी देखने मिली हालांकि बाद में कुलस्ते ने समझाइश देते हुए किसानों को आश्वस्त किया कि जल्द ही इस मामले की जांच करवाएंगे।



### विकसित भारत जी राम जी योजना की कार्यशाला में नहीं पहुंचे एस डी एम, तहसीलदार सहित सीईओ

रविवार को जनपद पंचायत घंसौर में आयोजित विकसित भारत जी राम जी योजना की कार्यशाला में कहने को तो दो दो जनपद पंचायतों का यह पूरा आयोजन था आयोजन सफल भी रहा परंतु न तो इस कार्यक्रम में दोनों जनपद पंचायतों में सीईओ का कार्यभार संभाल रहे सीईओ ओमकार सिंह ठाकुर दिखाई दिए न ही एस डी एम तहसीलदार ने इस आयोजन में पहुंचने की जहमत उठाई अब सवाल यह उठता है कि जिस कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद उपस्थित रहे उस कार्यक्रम से सीईओ एस डी एम और तहसीलदार आखिर क्यों गायब थे जानकार सूत्र बताते हैं कि इन दिनों इन तीनों अधिकारियों को अपसरशाही का भूत सिर चढ़कर बोल रहा है जहां एस डी एम विशन सिंह ठाकुर खाद घोटाले को लेकर लगातार कैमरे से बचते नजर आ रहे हैं तो दूसरी ओर तहसीलदार भी एस डी एम के नक्शेकदम पर चलते नजर आ रहे हैं अपसर शाही की दौड़ में अब नया नाम सीईओ ओमकार सिंह ठाकुर ने भी जुड़वा लिया जो कोई नई बात नहीं है एक ओर इस कार्यक्रम को लेकर भाजपा से जुड़े लोग इसे सफल आयोजन बताने की कोशिश कर रही है तो दूसरी ओर क्षेत्रीय लोग इसे भाजपा सरकार की बढ़ती अपसरशाही का बेमिसाल उदाहरण बता रही है अब देखने वाली बात यह होगी कि जिला कलेक्टर इन अधिकारियों से यह पुछने की जहमत उठाएंगी की आखिर इन अधिकारियों ने कार्यक्रम से दूरियां क्यों बनाई।

### आदिम जाति सेवा सहकारी समिति घंसौर में सामने आया जिंक घोटाला

**पलायन कर चुके 12 किसानों के नाम पर काट दिया 60 बोरी जिंक का परमिट**

घंसौर नवभारत। जिले के घंसौर विकासखंड में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति घंसौर में खाद वितरित किए जाने को लेकर बड़े खेल का खुलासा सामने में आया जहां 6 फरवरी 2026 को पिकप वाहन क्रमांक mp 135u 9196 में जिंक एवं बोरान की लगभग 60-60 ऐसे किसानों के नाम पर निकाल दी गई जो महीनों से क्षेत्र से पलायन करके बाहर रोजगार की तलाश में गए हुए हैं ऐसा एक मामला भी सुनने में आया है कि जिन 12 किसानों के नाम पर आदिम जाति सेवा सहकारी समिति द्वारा जिंक निकाली गई उनमें से एक मृतक भी बताया जा रहा है।

कुछ किसानों की स्थिति यह है कि वे चलने फिरने के लायक भी जिसके बाद प्रशासक के सिग्नेचर से कुछ पर्चियां निकाली जाती हैं जिनके आधार पर ही किसानों को खाद मिलती है वहीं पूरे मामले में समिति से जुड़े एक कंप्यूटर ऑपरेटर की भी संलिप्तता देखी जा रही है जो परमिट जारी करने का पूरा काम देखता है और उनके एक आदमी के द्वारा खाद की बोरियां बाजार में बेची जाती हैं और 6




फरवरी को भी यही हुआ शुरुआती पड़ताल में सामने आया है कि 12 किसानों में से 10 किसान क्षेत्र में ही नहीं हैं वे रोजगार की तलाश में बाहर पलायन कर गए हैं जो क्षेत्र में मौजूद हैं वे बुजुर्ग और बीमार हैं जिन्हें यह पता ही नहीं कि उनके नाम से कोई खाद निकली भी है जो



# शिवालयों में दिनभर गूंजता रहा 'हर-हर महादेव'

**छपारा/ सिवनी नवभारत।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर छपारा नगर सहित जिले भर में में रविवार 15 फरवरी को श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। नगर के प्रमुख शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।नगर के शंकर मढ़िया मंदिर, बस स्टैंड स्थित गौरी शंकर मंदिर, लोधी वार्ड शिवालय तथा सिद्धबाबा घाट स्थित शिव मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। भक्तों ने विधि-विधान के साथ भगवान शिव का पूजन-अर्चन किया। मंदिरों में बेलपत्र, धतूरा, भांग, फल-फूल अर्पित किए गए तथा शिवलिंग पर दूध, जल और पंचामृत से अभिषेक किया गया।



ज्ञात हो कि सुबह से ही महिलाएं, पुरुष, बच्चे एवं बुजुर्ग पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचने लगे थे। कई श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया और परिवार की सुख-समृद्धि एवं नगर की खुशहाली की कामना की। मंदिर समितियों द्वारा विशेष सजावट की गई थी। आकर्षक विद्युत सज्जा और फूलों से सजे शिवालय श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने रहे। सिद्धबाबा घाट स्थित शिव मंदिर में भी विशेष आयोजन किए गए। यहां श्रद्धालुओं ने पवित्र जल से अभिषेक कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। शाम के समय आरती के दौरान भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली।

केवल मंदिरों में ही नहीं, बल्कि नगर के कई घरों में भी शिवरात्रि का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। लोगों ने घरों में शिवलिंग स्थापित कर पूजा-अर्चना की और रात्रि जागरण कर भजन-कीर्तन किए।

पूरे नगर में दिनभर चहल-पहल बनी रही। धार्मिक वातावरण और भक्तिमय ऊर्जा से छपारा नगर सराबोर नजर आया। महाशिवरात्रि के इस अवसर पर श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह देखते ही बनता था। वहीं भगवान शिव पार्वती की बारात की तैयारी भी पूर्ण हो गई थी देर रात भगवान शिव पार्वती का प्रतीकात्मक विवाह किया गया।

## एक नजर में

### सुभद्रा कुमारी चौहान स्मृति समारोह आज

**सिवनी।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं सुप्रसिद्ध कवियित्री सुभद्रा कुमारी चौहान जी का स्मृति समारोह दिनांक 16 फरवरी 2026 दिन सोमवार को दोपहर 1:00 से सिवनी से नागपुर मार्ग पर स्थित सुभद्रा स्मारक कलबोड़ी में आयोजित किया जाएगा। मौनी दादा आश्रम मझगांवा के प्रभारी स्वामी बलवंत आनंद जी महाराज कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। एवं वरिष्ठ साहित्यकार श्री रमेश श्रीवास्तव चातक जी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। सुभद्रा स्मृति कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्रद्धांजलि अर्पित की जावेगी तत्पश्चात स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। अंत में उपस्थित कवि गणों के द्वारा काव्यांजलि प्रस्तुत की जावेगी। उक्ताशय की जानकारी देते हुए सुभद्रा कुमारी चौहान स्मृति मंच के अध्यक्ष मोहन सिंह चंदेल एवं ग्राम पंचायत कलबोड़ी के सरपंच श्री नरेश टेकाम ने समस्त नागरिक बंधुओं एवं समस्त साहित्य प्रेमियों से इस अवसर पर उपस्थित की अपील की है।

### चर्चित हवाला कांड में आरक्षक योगेंद्र को मिली जमानत

**सिवनी।** जिले में पिछले वर्ष के सबसे चर्चित हवाला डकैती कांड में प्रथम सत्र न्यायालय सिवनी ने मामले के प्रमुख आरोपियों में से एक योगेंद्र पिंटू चौरसिया की जमानत याचिका स्वीकार करते हुए उन्हें रिहा करने का आदेश दिया है। इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र शर्मा के प्रभावशाली तर्कों ने न्यायालय को जमानत देने पर सहमत किया। ज्ञात हो



कि 14 अक्टूबर को सिवनी के लखनवाड़ा थाने में एक सनसनीखेज मामला दर्ज हुआ था, जिसने पूरे पुलिस महकमे और प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मचा दिया था। एसडीओपी कार्यालय में पदस्थ योगेंद्र चौरसिया सहित कुल 11 लोगों के विरुद्ध एक हवाला कारोबारी से 2 करोड़ 96 लाख रुपये की लूट करने के गंभीर आरोप लगे थे। आरोपी योगेंद्र चौरसिया इस मामले के दर्ज होने के बाद से ही जेल में निरुद्ध थे। उनकी ओर से पैरवी करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र शर्मा ने प्रथम सत्र न्यायालय सिवनी के समक्ष जमानत आवेदन प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र शर्मा ने दलील दी कि मामले की जांच और अब तक के तथ्यों में कई ऐसी कड़ियां हैं जो सीधे तौर पर आरोपी की संलिप्तता को उस स्तर पर सिद्ध नहीं करतीं, जैसा कि अभियोजन पक्ष का दावा है। उन्होंने कानून के विभिन्न पहलुओं और आरोपी की भूमिका की व्याख्या करते हुए तार्किक बहस की। न्यायालय ने बचाव पक्ष के तर्कों की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए योगेंद्र को जमानत पर मुक्त करने का आदेश जारी किया।

### हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की मुख्य परीक्षा संपन्न

**सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायरसेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 10 फरवरी से 7 मार्च 2026 तक जिले के 84 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है। शनिवार 14 फरवरी 2026 को हाईस्कूल के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय की परीक्षा 51 केन्द्रों पर हुई जिसमें 3693 विद्यार्थी पंजीकृत थे 3669 उपस्थित रहे और 24 अनुपस्थित रहे वहीं नकल प्रकरण निरंक रहा। इसी क्रम में हायरसेकेण्डरी बायोटेक्नॉलोजी विषय की परीक्षा 1 केन्द्र पर हुई जिसमें 1 विद्यार्थी पंजीकृत था जो अनुपस्थित रहा वहीं नकल प्रकरण निरंक पाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम से परीक्षा की निगरानी की गई तथा जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय दलों ने निरीक्षण किया सभी केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण और सुचारु रूप से संपन्न हुई।

### विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**सिवनी।** विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सतीशचंद्र राय की अध्यक्षता में शनिवार 14 फरवरी 2026 को सिवनी जिला जेल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रधान न्यायाधीश द्वारा जेल में निरुद्ध विचाराधीन एवं सजायाफ्ता बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस अवसर पर बंदियों को प्ली बार्गेनिंग, अपील, नि:शुल्क विधिक सहायता, जमानत संबंधी प्रावधान, लोक अदालत तथा अन्य विधिक सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही जेल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर बंदियों को उनके अधिकारों एवं उपलब्ध कानूनी सुविधाओं से अवगत कराया गया।

# अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद ने धूमधाम से मनाया शिवरात्रि पर्व

**केवलारी नवभारत।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम जमुनपानी में भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विशाल वाहन रैली से हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। डीजे, भगवा ध्वज और भगवान शिव के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।



रैली के पश्चात सभी ने एक साथ हनुमान चालीसा पाठ का पाठ किया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने एक स्वर में हनुमान चालीसा का पाठ कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

इसके बाद भगवान भोलेनाथ की पारंपरिक बारात निकाली गई।बारात में भगवान शिव की आकर्षक झांकी सजाई गई थी। श्रद्धालु शिवगण के रूप में सजे नजर आए। पूरे विधि-विधान के साथ शिव-विवाह की रस्म संपन्न कराई गई।

कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, सद्भाव और आध्यात्मिक जागरण को बढ़ावा मिलता है।

समापन अवसर पर आयोजकों ने सभी भक्तों और सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। पूरे कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जिससे जमुनपानी का माहौल पूर्णत: शिवमय हो गया। हर-हर महादेव के जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# खबर का असर : गुंदरई ग्राम में दूर होगी पानी की समस्या, प्रशासन ने भेजी बोरिंग मशीन

**छपारा नवभारत।** समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित खबर का बड़ा असर देखने को मिला है। जनपद पंचायत छपारा अंतर्गत ग्राम पंचायत केकड़ा की ग्राम गुंदरई में लंबे समय से व्याप्त पेयजल संकट और ग्रामीणों की जायज मांग को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है।

नव भारत खबर का असर



विदित हो कि गत दिवस ग्रामीणों ने पानी की समस्या से त्रस्त होकर चमारी-गणेशगंज मार्ग पर चक्काजाम कर अपना विरोध दर्ज कराया था। ग्राम गोंदरई के ग्रामीणों ने पानी की समस्या से जूझ शीर्षक से प्रकाशित खबर के माध्यम से प्रशासन को जनता की परेशानियों से अवगत कराया गया था। खबर के प्रकाशन और ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए शासन-प्रशासन तत्काल हरकत में आया। रविवार को दोपहर संबंधित विभाग द्वारा गांव में एक बोरिंग मशीन भेजी गई। मशीन ने गांव के पुराने नलकूप के सुधार और गहरीकरण का कार्य शुरू किया। राहत की बात यह रही कि लगभग सवा दो सौ फुट की गहराई पर ही बेहतर जलस्तर मिल गया है। बोरिंग मशीन द्वारा कार्य शुरू किए जाने से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। वहीं उक्त कार्य के दौरान भी ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव नदारत रहे जिससे ग्रामीण जनों की समस्याओं को लेकर कितने गंभीर है अनुमान लगाया जा सकता है उम्मीद जताई जा रही है कि नलकूप के पूरी तरह सुधार होने के बाद गांव में पेयजल की आपूर्ति सुचारू रूप से हो सकेगी



# बड़ा हादसा टला, रेलिंग में घुसी तेज रफ्तार कार

**छपारा नवभारत।** छपारा क्षेत्र के अंजनिया गोरखपुर घाट के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि इस हादसे में एक बड़ा टल गया और कार में सवार दो लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

घटना रविवार को दोपहर करीब 2:30 बजे की है. एक तेज रफ्तार कार जैसे ही अंजनिया गोरखपुर घाट के पास पहुँची, चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। अनियंत्रित कार सीधे सड़क किनारे लगी लोहे की रेलिंग में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि MPRDC द्वारा लगाई गई सुरक्षा रेलिंग पूरी तरह उखड़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अगर रेलिंग मजबूत न होती या कार की दिशा थोड़ी और बदलती, तो वाहन सीधे खाई में गिर सकता था, जिससे बड़ी जनहानि हो सकती थी। फिलहाल, दोनों सवार सुरक्षित हैं। बताया जा रहा है कि कर में एक युति और युवक थे घटना के बाद बुरी तरह घबरा गए राहगीरों की मदद से कर से निकल गय फिर कर में मौजूद. बस में बैठकर छपारा की ओर चले गई हालांकि इस घटना के बाद कर में मौजूद व्यक्ति के द्वारा थाना में इस घटना की कोई रिपोर्ट भी दर्ज नहीं कराई है ।

**आवश्यकता हैं**

दुकान में काम करने हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता हैं, ड्रायव्हर 2, (सैलरी 10 से 20 हजार)

समय : सुबह 10 से रात 8, बजे तक

संपर्क :- नारायणी सेल्स, साई हॉटेल के पीछे, तवकल लेआऊट वाडी नागपुर

70288 80502
86003 82146

# विधायक ने शिव मंदिरों मे माथा टेका, लिया जगतगुरुओं का आशीर्वाद

**सिवनी नवभारत।** विधायक दिनेश राय मुनमुन ने शिव मंदिरों मे माथा टेककर दर्शन-पूजन एवं लोक कल्याण की कामना किया तथा जगतगुरुओं से आशीर्वाद प्राप्त किया। आज भक्ति और शक्ति के महाशिवरात्रि पर्व के पावन पर्व सुअवसर पर दिन का शुभारंभ करते हुए भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सपत्नीक अपने लखनादौन स्थित गृह निवास के समीप स्थित शिव मंदिर मे विधी विधान से पूजन-अर्चन एवं भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर किया। इस दौरान आपने पूज्यपाद द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज के श्रीचरणों मे वंदन कर मंगलमय आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके साथ ही विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपनी आध्यात्मिक यात्रा को आगे बढ़ाते हुए मध्येश्वर धाम ग्राम निवारी (पौनार) पहुंचे।



जहां नारायण सेवा समिति द्वारा अनंत श्री विभूषित काशी धर्मपीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ जी महाराज के पावन सानिध्य मे आयोजित रुद्र महायज्ञ, शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ एवं शिव प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम मे सम्मिलित होकर आध्यात्मिक ऊर्जा संचित किया। इसके अलावा श्री राय ने पूज्य महाराज जी को नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सिवनी नगर के समीपस्थ ग्राम बोरदई टेकरी स्थित महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे।

# विधानसभा कप टूर्नामेंट का हुआ समापन

**उगली नवभारत।** विधानसभा कप टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन विजेता टीम सोनी 44और उपविजेता बनी प्रदीप हर्षित 11 सिवनी जिले के अंतर्गत विधानसभा केवलारी की उप तहसील उगली के ग्राम पंचायत अरंडिया खेल मैदान में विधानसभा का टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन 1st का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य आयोजक विश्राम पटेल भाजपा नेता जिला उपाध्यक्ष लोधी समाज के सौजन्य से 51000 का प्रथम पुरस्कार और श्याम टीवी के संचालक आनंद सोनवाल के सौजन्य से द्वितिय पुरस्कार 25000 एवं इस टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण से लाइव टीवी के माध्यम से एवं दीपक पंचेश्वर मुनीम साहू शिक्षक संतोष जंभारे आपके सौजन्य से बड़ी-बड़ी ट्राफियां एवं समस्त ग्राम व क्षेत्र वासियों के सहयोग से यह टूर्नामेंट 5 फरवरी से अरंडिया में आयोजित किया गया था,जिसका समापन फाइनल मैच




गत दिवस 14 फरवरी दिन शनिवार को पहले सेमीफाइनल मैच और दूसरे सेमीफाइनल के बाद फाइनल मुकाबला खेला गया टूर्नामेंट के फाइनल विजेता सोनी 44 रही। 51000 ट्रॉफी गति पुरस्कार प्रदीप हर्षित 11, 25000 और ट्रॉफी मैन ऑफ़ द सीरीज एलईडी टीवी जनपद सदस्य अंशुल जैन के सौजन्य से प्रदान किया गया इस टूर्नामेंट में प्रत्येक मैच के मैन ऑफ द मैच के लिए स्पोर्ट्स गोगल संतोष पंचेश्वर पूर्व सरपंच सकरी के सौजन्य से दिया गया, इस टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल सिवनी लोकसभा के सांसद महोदय फग्गन सिंह ककुलस्ते जिला भाजपा महामंत्री गजानंद पंचेश्वर मुख्य आयोजक विश्राम पटेल एवं श्रीमती निशा पटेल अध्यक्ष बंडोल छपारा के साथ में केवलारी से शिव चौधरी उपाध्यक्ष नगर परिषद पत्रकार रफीक खान मध्य प्रदेश श्रमजीव पत्रकार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष थाना प्रभारी उगली सरपंच श्रीमती मंजू लता भारद्वाज कमलेश नागेश्वर थाना प्रभारी सदानंद गोदेवार एवं पूर्व सरपंच सरेखा के अखिलेश ठाकुर पूर्व सरपंच पांनीवाडा के पेरसिंह रांहगडाले और समस्त क्षेत्र के उत्साहित खेल प्रेमी सैकड़ों की संख्या में उपस्थित हुए।

**आरोप** सिवनी विधायक पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष का तीखा प्रहार, अपनी विधानसभा छोड़ दूसरी विधानसभा में ध्यान देने का आरोप

# जनता की आवाज रखने वाला कोई दमदार जनप्रतिनिधि नहीं : मरावी

**सिवनी नवभारत।** सिवनी विधानसभा में अनेक ज्वलंत समस्याएँ और परेशानियॉ है जिसे लेकर सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन जरा भी गंभीर नही है, जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा कि मीडिया में साक्षात्कार देते समय इतने बड़बोले हो जाते है कि वह क्या बोल रहें है उन्हें ही समक्ष नहीं आता, एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि छिन्दवाड़ा संभाग का मुख्यालय ना बने मैंने रोक के रखा, जो विधायक अपनी विधानसभा के लोगो को पीने का पानी उपलब्ध नहीं करा पा रहें है वह इस तरह की बात कर रहें है। पिछले दिनों सिवनी नगर से लगे ग्राम नगझर, राहीवाड़ा, बंडोल के लोगो द्वारा पीने का पानी नही मिलने के कारण सड़क जाम कर आंदोलन किया। एक ओर डॉ. मोहन यादव की सरकार जलापूर्ति को लेकर बड़े-बड़े दावे करती है यदि ग्रामीण नलजल योजना में भ्रष्टाचार नही हुआ होता तो यह गांव वाले पानी के लिए आंदोलन नही करते। अनेक बार यह बात कांग्रेस द्वारा उठाई गई कि एल एंटी कम्पनी द्वारा किये जा रहें कार्य पर भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है। सिवनी विधायक ने कभी इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं समझी, जैसा कि पेंच व्यपर्तन की नहरों में हुये भारी भ्रष्टाचार के समय ठेकेदार से समझौता कर चुप्पी साध ली।



श्री मरावी ने कहा कि खैरी से नगझर तक निर्माणाधीन सड़क जोकि प्रारंभ से ही गुणवत्ताविहीन कार्य किया जा रहा है, कांग्रेस, पत्रकार, समाजसेवी जो भी शहर का अच्छा चाहते है उन्होंने बार बार इस सड़क में किये जा रहें घटिया काम को लेकर आवाज उठाई, बरघाट विधायक द्वारा विधानसभा में इस सड़क के घटिया काम के संबंध में प्रश्न किया गया लेकिन जिसकी विधानसभा में यह कार्य हो रहा है उस विधायक ने विधानसभा तो छोड़ो जिला कलेक्टर और निर्माण ऐजेंसी एमपीआरडीसी से इस संबंध में चर्चा करने की हिम्मत नही जुटा पाई। लठ्ठ लेकर चौपाल लगाने वाले सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपनी विधानसभा की चिंता छोड़ बरघाट विधानसभा के खवासा क्षेत्र में परिवहन विभाग द्वारा की जा रही अवैध वसूली को लेकर तमाशा करते है। परिवहन जांच चौकी बंद होने के बाद भी जिले के चारो ओर परिवहन विभाग द्वारा वसूली की जा रही है यह इन्हें दिखाई नही पड़ता। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने आगे कहा कि सिवनी से बालाघाट रोड़ की हालत बहुत जर्जर होने से लोग इस रोड़ से ना जाकर कटंगी रोड से जाना ज्यादा सुविधाजनक समझते है, इसके बाद भी व्यवसायिक गाडियों से सिवनी नगर से लगे सेलुआटोल पर वाहनों से टोल वसूली निरंतर जारी है। ऐसा प्रतीत होता है कि सिवनी की जनता की आवाज रखने के लिए कोई दमदार जनप्रतिनिधि नहीं है। लखनादौन में जनता की अदालत लगाकर जनादेश प्राप्त करने का मुम्बई के डुप्लीकेट कलाकारों को बुलाकर तमाशा करने वाले दिनेश राय मुनमुन कई सालो से सिवनी में यह तमाशा करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहें है। अपने दम पर मेडिकल कॉलेज लाने का दम्भ भरने वाले सिवनी विधायक मुनमुन राय आज दिनांक तक सिवनी के लिए जो अतिआवश्यक है अस्पताल उसकी नींव भी नही खुदवा सकें, बड़बोला होने से सिवनी की जनता की परेशानी दूर नहीं होगी इसके लिए कुछ करके दिखाना होगा, सिवनी की जनता इन 13 वर्षो में अच्छी तरह जान चुकी है कि सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन के रहते हुये सिवनी का विकास संभव नहीं है।



# छपारा पुलिस ने 2 नाबालिक बालिकाओं को दस्तयाब कर परिवार से मिलाया

**सिवनी नवभारत।** पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता व्दारा जिले में हो रहे गंभीर अपराधों की घटनाओं पर रोक लगाने हेतु सभी थाना प्रभारीयों को आदेशित किया गया था। इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी के मार्गदर्शन में और अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लखनादौन के निर्देशन एवं थाना प्रभारी छपारा के नेतृत्व में थाना छपारा पुलिस व्दारा अपर्हत 02 नाबालिक बालिका को सकुशल दस्तयाब किया गया एवं परिवार के सुपुर्द किया गया । थाना छपारा क्षेत्रान्तर्गत 10 फरवरी को प्रार्थिया व्दारा थाना छपारा उपस्थित आ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी कि प्रार्थिया की बड़ी बहन की 02 नाबालिक बेटियो को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया है उक्त रिपोर्ट पर थाना छपारा मे पृथक पृथक अपराध क्रमांक 69/2026 एवं अपराध क्रमांक 70/2026 धारा 137(2) बीएनएस का अपराध कायम कर विवेचना के दौरान थाना स्तर पर टीम गठित कर अपर्हत बालिकाओ की तलाश पतासाजी शुरू की गई। थाना छपारा पुलिस व्दारा जमीनी स्तर पर अथक प्रयास कर मुखबिर सूचना के आधार पर चंद्रपुर महाराष्ट्र से दोनो नाबालिक बालिकाओ को दस्तयाब कर उनके माँ को सकुशल सुपुर्द किया गया है बालिकाओ से पुछताछ करने पर बालिकाओ व्दारा बताया गया कि घरवालो के डांटने पर नाराज होकर बाहर कमाने खाने चंद्रपुर जाना बतायी जिस संबंध मे विवेचना की जा रही है। इस कार्यवाही में निरीक्षक खेमेन्द्र कुमार जैतवार, उप निरीक्षक मंजू रहांगडाले, सउनि बी एस प्रजापति, सउनि सुखदास मर्सकोले, प्रधान आरक्षक मूलसिंह उइके, महिला आरक्षक राधा तेकाम, आरक्षक चालक रामनरेश का योगदान रहा।

**न्यायालय तहसीलदार सिवनी नगरीय जिला सिवनी (म.प्र.)**

**-इश्तहार-**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगदीश पिता कमलू सनोडिया निवासी सिल्लौर द्वारा ग्राम बाड़ीवाडा प.ह.न. 112 रा.नि.मं. सिवनी दो तहसील व जिला सिवनी में स्थित भूमि ख.न. 186/2 रकवा 0.44 हे. जो कि खातेदार गोंधो बाई, चौशीला बाई, परवतबाई, पिता प्रहलाद सरस्वती बाई रामू भागवत गेंदलाल लोमस जशोदा भागवती पिता घूडो के नाम से पटवारी अभिलेखों में दर्ज है की वसीयत आवेदक के पक्ष में किये जाने हेतु आवेदक का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 17/02/2026 को नियत है।

अत: आवेदित भूमि का पर वसीयत अनुसार आवेदक का नाम दर्ज किये जाने में जिस किसी व्यक्ति या पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 17/02/2026 को या इसके पूर्व अपनी आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यदि नियत दिनांक को अवकाश घोषित होता है तो प्रकरण में सुनवाई आगामी न्यायालयीन कार्य दिवस में की जावेगी। आज दिनांक 10/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुद्रा से जारी।

तहसीलदार
सिवनी